**| उत्साह |** यूपी में निवेश के लिए उद्यमियों में उत्साह, निर्माणाधीन 27 औद्योगिक क्लस्टर में सबसे ज्यादा मेरठ की मांग

# निर्माण क्लस्टर बनने से पूर्व ही निवेशक आए

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी में एक्सप्रेसवे के किनारे 27 मैन्यूफैक्चरिंग व लाजिस्टिक क्लस्टर बनने से पहले ही उद्यमियों ने अपने निवेश प्रस्तावों के साथ दस्तक दे दी है। 27 में से 17 मैन्यूफैक्चरिंग व लाजिस्टिक क्लस्टर में उद्योग लगाने के लिए अब तक 124 निवेशकों ने 7363 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं लगाने के लिए इच्छा जताई है और इससे संबंधित प्रस्ताव यूपीडा को भेजे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 48 निवेश प्रस्ताव मेरठ के लिए आएं हैं जबकि हापुड़ के लिए 33 प्रस्ताव आए हैं।

इन 124 निवेश परियोजनाओं के लिए 528 वर्गमीटर जमीन की जरूरत है। जमीन आवंटित होते ही यहां परियोजनाएं लगनी शुरू हो जाएंगी। छह जिले संभल, प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी, बांदा, औरया, महोबा, जालौन, हमीरपुर में अभी तक एक भी निवेश प्रस्ताव नहीं आया है। यूपीडा ने अब संबंधित जिलों में जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 15 अगस्त तक आवेदन मांगे गए हैं।



**26** जिलों में बनाए गए हैं ये मैन्यूफैक्चरिंग व लाजिस्टिक क्लस्टर

## एक्सप्रेसवे के किनारे आए निवेश प्रस्ताव ( रुपये करोड़ में)

| जिले | प्रस्तावित निवेश | जिले | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|---|---|
| उन्नाव | 10.00 | सुल्तानपुर | 17.30 |
| हरदोई | 22.00 | अम्बेडकरनगर | 19.70 |
| शाहजहांपुर | 06.00 | बाराबंकी | 07.06 |
| संभल | 20.00 | गाजीपुर | 01.73 |
| मेरठ | 108.44 | चित्रकूट | 01.48 |
| अमरोहा | 127.92 | इटावा | 00.74 |
| हापुड़ | 119.16 | फिरोजाबाद | 02.87 |
| प्रयागराज | 00.049 | कन्नौज | 112.06 |
| | | गोरखपुर | 00.09 |

**अधिग्रहण तेज हुआ** उन्नाव में 98 प्रतिशत, हरदोई व शाहजहांपुर में 95-95 प्रतिशत, संभल में 91, बदायूं में 88, मेरठ में 71, व प्रतापगढ 66 प्रतिशत जमीन अधिग्रहीत कर ली है। इटावा में 96 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 88 प्रतिशत, सुल्तानपुर में 88 प्रतिशत, अम्बेडकरनगर में 86 प्रतिशत, अमेठी में 84 प्रतिशत अधिग्रहण हो चुका है।